देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 28.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 40 विकासखंडों में शांतिपूर्वक ढंग से जारी।
- मतदान के लिए राज्य में बनाए गए 4 हजार 709 मतदेय स्थलों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त। मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह।
- देहरादून नगर निगम ने कूड़ा उठान की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया।
- देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और बागेश्वर जिलों में आज कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

<u>मतदान</u>

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज 40 विकासखंडों में शांतिपूर्वक ढंग से चल रहा है। मतदान के लिए 4 हजार 709 मतदेय स्थलों बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। 21 लाख 57 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मतदान केंद्रों में वोट डालने के लिए पहुंच रहे हैं। पिथौरागढ़ जिले के विण, मुनाकोट, गंगोलीहाट और बेरीनाग विकासखंडो में हो रहे मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान के लिए बुजुर्ग मतदाताओं के साथ दिव्यांग मतदाता भी अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान केंद्रों तक पहुंच रहे है। वहीं, महिला मतदाता भी रंगाली पिछोड़ा जैसे पारंपरिक परिधानों को पहनकर वोट डालने के लिए लाइनों में खड़े नजर आए। मतदाताओं का कहना है कि वे गांव की सरकार के लिए ऐसे व्यक्ति को चाहते है, जो गांव के समुचित विकास के साथ ही सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार सके।

<u>मतदान चम्पावत</u>

चंपावत जिले के बाराकोट और चंपावत ब्लॉक में मतदान सुबह आठ बजे से शान्तिपूर्वक शुरू हो गया है। मतदान केंद्रों में सुरक्षा के लिए पुलिस बल मुस्तेदी से तैनात हैं। मतदाता, लंबी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। बुजुर्गों और बीमार लोगों को उनके परिजन सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचा रहे हैं। पहली बार मतदान कर रहे युवाओ में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। युवा मतदाता दीया जोशी ने बताया कि उनका वोट ग्राम सभा के विकास में काम आएगा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर वोट करने की अपील की।

मतदान उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में के तीन विकासखंडों– डुंडा, चिन्यालीसौड़ और भटवाड़ी के 337 बूथों पर मतदान आज सुबह से शांतिपूर्वक ढंग से जारी है। जिला प्रशासन ने मतदान संबंधित सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की हैं। प्रशासन मतदान प्रक्रिया की हर स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है। सुचारू और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सात जोनल और 28 सेक्टर मैजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत आर्य ने सभी मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटा है। टिहरी में चंबा, नरेंद्रनगर, कीर्तिनगर और देवप्रयाग विकासखंडों के 522 पोलिंग बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो रहा है। उधर, नैनीताल जिले के चार विकासखण्डों– भीमताल, हल्द्वानी, कोटाबाग और रामनगर के कुल 522 मतदान केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को निर्बाध और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

जिलाधिकारी निरीक्षण

पौड़ी जिले के पौड़ी, कोट, कल्जीखाल, जयहरीखाल, द्वारीखाल, यमकेश्वर और दुगड्डा विकासखंडों में मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। इस बीच, जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कोट और पौड़ी विकासखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से बातचीत करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के सशक्तिकरण में योगदान दें।

मुख्यमंत्री अपील

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। एक संदेश में उन्होंने मतदाताओं से कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए ऐसे योग्य, कर्मठ और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध प्रत्याशियों का चयन करें, जो सशक्त, स्वावलंबी और समृद्ध ग्रामों के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि आपका एक–एक वोट उत्तराखंड के भविष्य को दिशा देने वाला है।

देहरादून नगर निगम

देहरादून नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में नगर निगम ने कूड़ा उठान की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया है। नगर आयुक्त नमामि बंसल के अनुसार, पहले घरों से कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी एजेंसी के पास थी, लेकिन लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए अब यह जिम्मेदारी खुद निगम ने ले ली है। नगर निगम द्वारा तैनात पर्यावरण

मित्रों को समय पर वेतन और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे सेवा की गुणवत्ता में सुधार आया है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस बार मानसून में जलभराव की स्थिति पहले की तुलना में काफी कम रही। इसका श्रेय नगर निगम की समयबद्ध कार्ययोजना को जाता है, जिसके अंतर्गत जनवरी माह से ही नाले और खालों की सफाई का काम शुरू कर दिया गया था।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के शेष जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और तीव्र से अति तीव्र दौर की बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। प्रदेश में सभी जिलों के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस बीच, राजधानी देहरादून सहित राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाए हैं और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के समाचार हैं। बागेश्वर जिले की कपकोट तहसील में बारिश से सरयू नदी का जल स्तर बढ़ गया है। इस क्षेत्र में भूस्खलन से बंद 14 मोटर मार्गों में से 11 मार्गों से मलवा हटा दिया गया है, जबकि तीन मार्गों को युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<u>मानसी नेगी</u>

उत्तराखंड की मानसी नेगी ने जर्मनी के राइन–रूहर में आयोजित एफ.आई.एस.यू विश्व विश्वविद्यालय खेल– 2025 में वॉक रेस टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसी नेगी की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि, प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मानसी नेगी अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से भविष्य में भी देश और प्रदेश का नाम इसी तरह रोशन करती रहेंगी।

<u>विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा हमारी साझा जिम्मेदारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार, योजनाओं के निर्माण के समय पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के समन्वय का विशेष ध्यान रख रही है। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्यावरण का संरक्षण करने और प्राकृतिक संसाधनों के सीमित मात्रा में उपयोग करने के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।